मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-181
03/04/2021

मुख्यमंत्री ने कोविड–19 से संबधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

मुख्यमंत्री के निर्देश–

- कोरोना के बढ़ते मामले को ध्यान में रखते हुए पूरे राज्य में अधिक से अधिक टेस्टिंग करें। साथ ही टीकाकरण की संख्या को और बढायें।
- सार्वजनिक आयोजनों को कुछ दिनों के लिये स्थगित रखा जाय।
- कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुये क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप स्कूलों को बंद रखने के बारे में विचार करे।
- कोविड–19 के लिए तैयार किये गये अस्पतालों में पूरी तैयारी रखें।
- कोरोना से लोगों को नुकसान नहीं पहुँचे, इसके लिये अलर्ट और एक्टिव रहना होगा।
- मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना के प्रति सभी सजग रहें, कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करें और मास्क का प्रयोग करें।

पटना, 03 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में कोविड–19 से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में कोरोना संक्रमण की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। कोरोना के एक्टिव केसेज, डेथ रेट, रिकवरी रेट, डे–टू–डे ट्रेंड, टेस्टिंग, टीकाकरण एवं अस्पतालों में कोविड को लेकर की जा रही व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बढ़ते मामले को ध्यान में रखते हुए पूरे राज्य में अधिक से अधिक टेस्टिंग करायें। आर0टी0पी0सी0आर0 जांच को और बढायें। जितनी अधिक जांच होगी, कोरोना संक्रमण के मामलों का पता चलेगा। कोरोना से लोगों को नुकसान नहीं पहुँचे, इसके लिये अलर्ट और एक्टिव

रहना होगा। साथ ही लोगों को कोरोना से सचेत रहने की जरूरत है, लोग सचेत रहेंगे तो कम से कम नुकसान होगा। सार्वजनिक आयोजनों को कुछ दिनों के लिये स्थगित रखा जाय। कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुये क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप स्कूलों को बंद रखने के बारे में विचार करे। कोविड–19 के लिए तैयार किये गये अस्पतालों में पूरी तैयारी रखें। कोविड–19 टीकाकरण की संख्या बढायें ताकि अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण हो सके।

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना के प्रति सभी सजग रहे, कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करे एवं मास्क का प्रयोग जरूर करें।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, विकास आयुक्त श्री आमिर सुबहानी, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, गृह विभाग के सचिव श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, गृह विभाग के विशेष सचिव श्री विकास वैभव एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******